हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय

प्रवेश परीक्षा शाखा

दिंनाक 04.04.2026

प्रेस नोट

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–2027 के लिए बी. एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र व इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमन्त्रित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित द्विवर्षीय बी. एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों का चयन करने के लिए दिंनाक 23.05.2026 को बी. एड. प्रवेश परीक्षा निर्धारित की गई है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा, रीजनल सेंटर धर्मशाला एवं सरदार पटेल विश्वविद्यालय से भी संबंद्वता प्राप्त सभी गैर सरकारी बी. एड. महाविद्यालयों की लगभग 8000 सीटों के लिए बी. एड. प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। विवरण पुस्तिका में निर्दिष्ट पात्रता मानदण्डों को पूरा करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की वेबसॉईट www.nadmissions.hpushimla.in पर जाकर 04.04.2026 से 11.05.2026 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

बी. एड. प्रवेश परीक्षा की तय फीस अभ्यर्थी ऑनलाईन/यू पी आई/डेबिट/क्रेडिट कार्ड के जरिए ऑनलाईन अदा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा चिन्हित 14 परीक्षा केन्द्रो में लेना प्रस्तावित है उनमें शिमला, सोलन, नाहन, धर्मशाला, सुन्दरनगर, मण्डी, कुल्लू, ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, रामपुर बुशहर, काँगड़ा और चम्बा शामिल है।

अभ्यर्थियों को सुचित किया जाता है कि वे बी. एड. प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्र भरने से पहले बी. एड. विवरण पुस्तिका में निहित विस्तृत निर्देशों के अनुसार आवेदन करें। बी. एड. विवरण पुस्तिका विश्वविद्यालय की उपरोक्त वेबसॉईट पर ऑनलाईन उपलब्ध है। अतिरिक्त/अन्य जानकारी के लिए हेल्पलाईन दुरभाष नं0 0177–2833648 और 0177–2833588 पर सम्पर्क कर सकते हैं या कार्य दिवसों में विश्वविद्यालय में बी. एड. प्रवेश प्रकोष्ठ या संगणक केन्द्र से जानकारी ले सकते है।

4.4.26

(आचार्य एस.एल. कौशल)
परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपिः–

1. सचिव माननीय कुलपति/प्रति कुलपति, हि. प्र. वि. शिमला–5।
2. अधिष्ठाता अध्ययन, हि. प्र. वि. शिमला–5।
3. अध्यक्ष, शिक्षा विभाग, हि. प्र. वि. शिमला–5।
4. प्रभारी संगणक केन्द्र, हि. प्र. वि. शिमला–5।
5. जन सम्पर्क अधिकारी, हि. प्र. वि. शिमला–5 को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्रवाही हेतु।
6. निजि सचिव, परीक्षा नियन्त्रक, हि. प्र. वि. शिमला–5।

उप कुलसचिव (प्रवेश परीक्षा)